**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 01.07.2025**

- **आवेदक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर ऑनलाइन गेम खेलकर पैसे कमाने की बात कहकर आवेदक के साथ 16,000/- रुपये का फ्राड करने के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा NCRP पोर्टल पर दर्ज करायी गयी थी शिकायत।**
- **थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि ₹ 13,700 को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता सचिन कुमार पुत्र नन्दलाल निवासी सुन्दनपुर गजेन, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 20.06.2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर ऑनलाइन गेम खेलकर पैसे कमाने की बात कहकर आवेदक के साथ 16,000/- रुपये का फ्राड करने की शिकायत NCRP पोर्टल पर शिकायत की गयी थी। उक्त शिकायत पर जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की धनराशि ₹ 13,700 खाते में वापस करायी गयी। पुलिस की कार्यवाही की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना रसूलाबाद पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹ 13,700/-**

**धनराशि वापस कराने वाली थाना रसूलाबाद पुलिस टीम**